Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटपफार्म पर नहीं


हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-२६ अंक-१४ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३१ जुलाई २०१६ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र


## रेलवे का निजीकरण नहीं:-गोयल



रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने रेलवे के निजीकरण के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस आजादी के बाद रेलवे को बदहाल बनाये रखने तथा वोटों के खातिर इसका राजनीतिक इस्तेमाल किया। लोकसभा में रेलवे की अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में गोयल ने कहा, रेलवे के निजीकरण का सवाल ही नहीं उठता। रेलमंत्री ने दावा किया कि मोदी सरकार ने रेलवे में इन्फ्रांस्ट्रक्चर के साथ सुरक्षा एवं संरक्षा बढ़ाने में संप्रग सरकार के मुकाबले काफी बेहतर कार्य किया है। पीयूष गोयल ने रेल बजट को खत्म कर आम बजट में विलय किए जाने के सरकार के फैसले की ये कहकर सराहना की कि रेल बजट राजनीतिक बजट हुआ करते थे जिनका उपयोग चुनाव जीतने के लिए होता था। विपक्षी दलों के सरकार पर रेलवे के निजीकरण का प्रयास करने के आरोपों पर गोयल का कहना था कि वो कई बार इन आरोपों को खारिज कर चुके हैं। उन्होंने कहा, रेलवे का निजीकरण नहीं हो सकता। परंतु यदि हमें रेलवे में सुविधाएं बढ़ानी है तो इसके लिए निवेश की जरूरत पड़ेगी।

# रेल यात्रा सुखद बनाने के लिए बड़े पैमाने पर रेल स्टेशन आधुनिकीकरण का कार्यक्रम होगा शुरू



प.सू.का/नई दिल्ली।केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में २०१६-२० का केन्द्रीय बजट पेश करते हुए कहा कि आम नागरिकों के लिए रेल यात्रा को आरामदायक व सुखद बनाने के लिए सरकार इस साल बड़े पैमाने पर रेलवे स्टेशन आधुनिकीकरण का कार्यक्रम शुरू करेगी। केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने दिनांक ०५.०७.२०१६ को लोकसभा में २०१६-२० का केन्द्रीय बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्धक करा कर नागरिकों के जीवन को सुगम बनाना है। उन्हों ने कहा कि डिजिटल भुगतान सेवाओं को सरकार सहित सभी स्थानों पर स्वीकार्यता मिल रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि लगभग ३० लाख श्रमिक प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत जुड़ चुके हैं। इस योजना का लक्ष्य असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्रों के करोड़ों कामगारों को ६० वर्ष से अधिक आयु का होने पर ३००० रुपए प्रतिमाह पेंशन उपलब्ध कराना है। यह योजना प्रधानमंत्री द्वारा ५ मार्च, २०१६ को अहमदाबाद में शुरू की गई थी। वित्त मंत्री सीता रमण ने संसद में भरोसा दिया कि सरकार खर्चो में कोई कटौती नहीं करेगी उन्होंने कहा आमदनी बढ़ाकर राजकोषी घाटे को कम किया जायेगा। लोकसभा में वित्त मंत्री ने कहा सरकार सार्वजनिक व्यय से समझौता किये बिना राजकोषीय सुद,ढ़ीकरण रास्ते पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

२०१६-२० के बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, बुनियादी क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की उदार बनाकर और निगम कर को कम करने जैसे कई कदम उठाकर २०२४-२५ तक भारत की अर्थ व्यवस्था को ५ खरब डॉलर तक पहुंचना है, जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि कृषि और सामाजिक क्षेत्र में, खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य में पर्याप्त निवेश बढ़ाने की इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

केन्द्रीय बजट में मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए अप्रत्यक्ष करों के अंतर्गत भी प्रस्ताव किए गए हैं, जिनसे एमएसएमई क्षेत्र भी लाभान्वित हो सकता है। उदाहरण के लिए घरेलू उद्योग को समस्तरीय क्षेत्र मुहैया कराने के लिए काजू गरी, पीबीसी, विनाइल फ्लोरिंग, टाइल, फर्निचर के लिए मैटल फिटिग माउंटिग, ऑटो पार्ट्स कुछ खास प्रकार के सिंथेटिक रबड़, मार्बल स्लैब्स, ऑप्टिकल फाइबर केवल, सीसीटीवी कैमरा, आईपी कैमरा, डिजिटल और नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर जैसी मदों पर बुनियादी सीमा शुल्क बढ़ाया जा रहा है। भारत में विनिर्मित किए जाने वाली कुछ खास मदों पर सीमा शुल्क छूट को भी वापस लिया जा रहा है। इसके अलावा पाम, स्टेरिंग, वसा युक्त तेलों पर अंतिम प्रयोग आधारित छूट तथा विभिन्न प्रकार के कागजों पर छूट भी समाप्त की जा रही है।

# स्वतंत्र देव हैं कुशल संगठक : केशव मौर्य

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों ने खुशी जताई। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उन्हें कुशल संगठक बताया। डिप्टी सीएम ने उन्हें प्रदेश को सपा, बसपा तथा कांग्रेस मुक्त करने के लिए अग्रिम शुभकामना भी दी। कहा कि स्वतंत्र देव सिंह ने नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में और मजबूत होगी।

उधर, स्वतंत्र देव सिंह के स्वागत कार्य क्रम में शामिल होने के लिए महानगर अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष कन्हैया लाल पाण्डेय, यमुनापार अध्यक्ष शिवदत्त पटेल, काशी प्रांत के मंत्री कमलेश कुमार आदि वाराणसी गए।

भाजपा महानगर उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्र देव सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# नियमित बजट २०१६-२० में रेलवे द्वारा इन क्षेत्रों पर ज़ोर

त्वरित निवेश और निष्पादन के माध्यम से क्षमता वृद्धि पर गति बनाए रखना।

रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर को २०१८-२०३० के मध्य ५० लाख करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी। तेजी से विकास और पटरियों को पूरा करने, स्टॉक विनिर्माण और यात्री माल सेवाओं के वितरण को पूरा करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी का उपयोग करने का प्रस्ताव है।

२०१६-२० के लिए कैपेक्स १,६०,१७६ करोड़ रुपये आंकी गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में २० अधिक है ।

२०२१-२२ तक पूरे ब्राड-गेज नेटवर्क का विद्युतीकरण। २०१६-२० में ७००० रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा गया है।

२०१६-२० के लिए नई लाइनों, गेज कंवर्शन और दोहरीकरण / तिहरीकरण आदि का लक्ष्य २०१८-१६ में ३५६६ किलोमीटर के मुकाबले ३७५० किलोमीटर है। दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण पर तेजी से नज़र दो डेडिकेटेड फ्रेट करिडोर को चरणों में २०२१ तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से पूर्व डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर खुर्जा-भूपुर खंड और पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर रेवाड़ी-पालनपुर खंड को इस वर्ष (२०१६-२०) में पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना को पूरा करने से यात्री ट्रेनों के लिए कुछ मौजूदा रेलवे नेटवर्क पर भीड़ में कमी आएगी।

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (MAHSR) परियोजना अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है और २०२३ तक पूरा होने का लक्ष्य है। रेलवे को दिल्ली-मेरठ मार्ग पर प्रस्तावित रैपिड रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आरआरटीएस) जैसे विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) संरचनाओं के माध्यम से उपनगरीय रेलवे में अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ।

सेफ्टी पर लगातार फोकस २०१८-१६ भारतीय रेल के इतिहास में सबसे सुरक्षित वर्ष रहा है। ब्रॉड गेज नेटवर्क पर मानव रहित रेलवे क्रासिंग का उन्मूलन किया गया है। रेलवे अब आरओबी / आरयूबी का निर्माण करके मिशन मोड में स्वर्णिम चतुर्भुज और स्वर्ण विकर्ण मार्गो पर सभी २,५६८ मानव स्तर के क्रासिंग को समाप्त करने की योजना बना रहा है। इन मार्गो से ५०-६० यात्री और माल ढुलाई होती है। इससे रेलवे क्रासिंग पर ही नहीं बल्कि लेवल क्रासिंग पर वाहनों के आवागमन को सुरक्षित, सुचारू और तेज गति सुनिश्चित करके सड़क पर आवागमन में आसानी होगी । रेल परिचालन में संरक्षा को बढ़ाने के लिए स्वदेशी विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली एवं स्वचालित यूरोपीय ट्रेन कंट्रोल सिस्टम (ETCS) प्रणाली के मिश्रण का उपयोग ट्रेन परिचालन में दक्षता, अतिरिक्त क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

यात्री अनुभव और सुरक्षा को बढ़ाना। आम नागरिकों के लिए रेलवे यात्रा को सुखद और संतोषजनक अनुभव बनाने के लिए रेलवे स्टेशन आधुनिकीकरण के एक बड़ी योजना की शुरुआत। पूरी तरह से स्वदेशी सेमी हाई-स्पीड ट्रेन -१८ की शुरूआत। रेलवे ने रेल यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने और ग्रामीण और शहरी नागरिकों के लिए इंटरनेट की सुविधा हेतु सभी स्टेशनों पर वाई-फाई प्रदान करने की योजना बनाई है। अब तक यह सुविधा १,६०३ स्टेशनों पर प्रदान की गई है और शेष ४,८८२ स्टेशनों को सरकार के महत्वाकांक्षी १०० दिनों के कार्यक्रम के तहत ३१ अगस्त, २०१६ तक प्रावधान के लिए लक्षित किया गया है । रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी स्टेशनों पर (हाल्ट स्टेशनों को छोड़कर) और अत्याधुनिक वीडियो निगरानी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके ट्रेनों में सीसीटीवी आधारित निगरानी प्रणाली प्रदान करने की योजना बना है । ४५५ रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली प्रदान की गई है और शेष स्टेशनों को २०२०-२१ तक लक्षित किया गया है। इसी तरह, १,२०३ कोच सीसीटीवी सविलांस सिस्टम से लैस थे और २०२१-२२ तक शेष यात्री कोच लक्षित है।

स्किलिंग रेलवे एकीकृत कौशल विकास की योजना शुरू की जाएगी, जहां रेलवे के सभी १३ लाख कर्मचारियों को एक मूलभूत प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम ३ सी-ग्राहक, लागत और कार्य संस्क,ति पर केंद्रित होगा। जो लोग इस स्तर पर उच्च शिक्षा और अधिक कौशल का प्रदर्शन करते हैं, उन्हें उसी कौशल क्षेत्र में एक उन्नत कार्यक्रम पेश किया जा सकता है।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

सम्पादकीय

# तेज रफ्तार से बढ़ता हादसा


इधर कई महीनों से वाहनों की तेज रफ्तार होने से होने वाले आये दिन हादसों में अधिक से अधिक बढ़ोतरी होने का संदेश मिलता जा रहा है। देश भर में हर साल हजारों से अधिक लोग हादसों में जान गवां बैठते हैं। इस पर अंकुश और लगाना चाहिए सरकार को इस पर तुरन्त और पहल करनी चाहिए। वाहनों की रफ्तार की सीमा निर्धारित की जाय। इसमें यह भी तय किया जाय कि जो वाहन निर्धारित रफ्तार से अधिक स्पीड पर चलते पाये जायें उस पर अधिक से अधिक जुर्माना के साथ जेल का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। चालक व वाहन स्वामी पर सख्त कार्यवाही का प्रावधान होना चाहिए। तभी इस पर अंकुश लग सकता है। रफ्तार पर अंकुश लगाना अति आवश्यक है। इससे हादसे की संभावनाएं भी कम हो सकती हैं। सरकार को इस पर कड़े से कड़े कानून बनाना चाहिए।

मार्ग दुर्घटनाओं में मरने अथवा अपंग होने वाले लोगों की बढ़ती संख्या केवल संबंधित परिवारों के लिए ही आफत नहीं बनती, बल्कि वह समाज और देश को भी कमजोर करने का काम करती है। ऐसा इसलिए क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले ज्यादातर लोग अपने घर-परिवार के कमाऊ सदस्य होते हैं। बेहतर होगा हमारे नीति-नियंता यह समझें कि जानलेवा सड़क हादसे रोकने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने की सख्त जरूरत है।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

# डॉ० व मरीज के बीच हो भावनात्मक संवाद : योगी

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि डॉ० और मरीज के बीच भावनात्मक संवाद होना अति आवश्यक है। आज कल के भाग दौड़ के दौर में यह संवाद कहीं खो सा गया है। व्यवसायिक दृष्टि को अहमियत देने से डॉक्टरों के प्रति जनमानस के मन में सम्मान कम सा होता जा रहा है। मुख्यमंत्री अपने स्थित कालीदास मार्ग सरकारी आवास पर स्माइल मसाल ज्योति आशीर्वाद कार्यक्रम के उदघाटन करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। स्माइल ट्रेन संस्था उन बच्चों के जीवन में मुस्कान बिखेरनें में लगी है।



जिनके होंठ और तालू जन्मजात कटे होते हैं। सर्जरी के बाद मुख्य धारा में आने वाले कई बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर हौसला बढ़ाया। अभियान से जुड़े डॉ० वैभव खन्ना, डॉ० एके सिंह, ममता और रेनू मेहता ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री आषुतोश टंडन, महापौर संचुक्त भाटिया, केजीएमयू के कुलपति प्रोफेसर एमएल भट्ट मौजूद थे।

# आईएमपीएस पर एसबीआई शुल्क नही

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े कर्जदाता भारतीय स्टेट बैंक ने ऑनलाइन फंड ट्रांसफर माध्यम आइएमपीएस को पहली अगस्त से शुल्क मुक्त करनें का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन फंड ट्रांसफर के इन माध्यमों को शुल्क मुक्त करने का फैसला किया था, जिसके बाद एसबीआई ने यह कदम उठाया है।

# सपा जल्द घोषित करेगी उपचुनाव प्रत्याशी

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद समाजवादी पार्टी एक बार फिर से उत्तर प्रदेश में होने वाले उप चुनाव के लिए तैयारी है। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में कार्य समिति की बैठक जिलाध्यक्ष अनुज यादव की अध्यक्षता में हुई।

दिनांक १३.०७.१६ शनिवार को बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने मऊ-मानिकपुर विधानसभा उप चुनाव के बारे में बताया कि पार्टी मजबूती से लड़ेगी। उम्मीदवारों से आवेदन लिए जा रहे हैं। शीघ्र ही प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा।

बैठक में गौरीशंकर मिश्रा, आनंद त्रिपाठी उर्फ बब्बू, गुलाब खां, जागेश्वर यादव, मदन त्रिपाठी, मनोज यादव, नरेन्द्र यादव, फूलचन्द्र करवरिया, सुभाष पटेल, राजीव लोचन त्रिपाठी, उज्जवल गुप्ता, गोपीचन्द्र यादव, एजाज अहमद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी रेलवे सुरक्षा बल सेवा को समूह 'क' का दर्जा देने की मंजूरी

प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को संगठित समूह 'क' का दर्जा देने तथा कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के क्रमशः दिनांक २४-०४-२००६ और ०६-०६-२००० के दिशा-निर्देशों और अनुवर्ती अनुदेशों के अनुसार ०१-०१-२००६ से गैर- क्रियात्मक वित्तीय उन्नयन (एनएफएफयू) के अनुवत लाभ और ०६-०६-२००० से वरिष्ठ ड्यूटी पद (एसडीपी) का ३० प्रतिशत एनएफएसजी गैर-क्रियात्मक सलेक्शन ग्रेड (एनएफएसजी)देने की मंजूरी दी है।

प्रमुख प्रभावः आरपीएफ को संगठित समूह 'क' सेवा का दर्जा प्रदान करने से सेवा में स्थिरता समाप्त होगी, अधिकारियो की कैरियर प्रगति में सुधार होगा और उनका प्रेरणात्मक स्तर कायम रहेगा। आरपीएफ के योग्य अधिकारी लाभान्वित होंगे। पृष्ठभूमिः दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने दिनांक ०४-१२-२०१२ के आदेश द्वारा रेलवे को आरएएफ को समूह 'क' सेवा का दर्जा प्रदान करने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने दिनांक ०५-०२-२०१६ के आदेश द्वारा इसकी पुष्टि कर दी है। रेलवे बोर्ड ने आरपीएफ को संगठित समूह 'क' सेवा का दर्जा प्रदान करने का प्रस्ताव किया था।

# राहुल त्रिपाठी बने इलाहाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/ऑपरेशन




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। राहुल त्रिपाठी ने इलाहाबाद मंडल में वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/ऑपरेशन का पद भार ग्रहण किया। दिनांक ०४.०७.२०१६ को पद भार ग्रहण से पूर्व राहुल त्रिपाठी आगरा मंडल में वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/ऑपरेशन के पद पर कार्यरत थे। राहुल त्रिपाठी लखनऊ के मूल निवासी है और प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा लखनऊ में हुई है, आप एक मेधावी छात्र रहे हैं। राहुल त्रिपाठी लखनऊ से ही वर्ष २००१ में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट २००३ में उत्तीर्ण करने के पश्चात॥T रूड़की से वर्ष २००६ में बी.टेक किया है।

आप जून २०१३ से जुलाई २०१५ तक सहायक मंडल बिजली इंजीनियर झाँसी मंडल, जुलाई २०१५ से जनवरी २०१७ तक मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी/कानपुर, जनवरी २०१७ से जुलाई २०१७ तक मंडल बिजली इंजीनियर/लोकोशेड/झाँसी के पद पर तथा जुलाई २०१७ से ०३.०७.२०१६ तक वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/ऑपरेशन आगरा के पद पर कार्यरत रहें।

# नई बुलंदियों को छूता केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। भारत सरकार सभी रेल मार्गो का तेजी से विद्युतीकरण कर रहा है और सभी ब्राड गेज मार्गो को २०२१-२२ तक विद्युतीकृत करने की योजना है। कोर ने पिछले ५ वर्षों में कुल १०,०४३ आरकेएम का विद्युतीकरण किया है, जो पिछले पांच वर्षों में विद्युतीक,त २४८० आरकेएम के विद्युतीकृत मार्ग से लगभग ४ गुना अधिक है। जिसमें उत्तर मध्य रेल के दगाह-भरतपुर, अछनेरा-मथुरा, हमीरपुर-खैरार एवं हरपालपुर-चित्रकूट तथा पूर्वोत्तर रेलवे कप्तानगंज-वाल्मीकि नगर एवं कटिहार- मुकेरिया- कुमेदपुर और उत्तर रेलवे का खेतासराय -बिलवा-अकबरपुर-टांडा एवं गजरौला-मौजमपुर नारायण प्रमुख सेक्शन सम्मलित है। तेजी से विद्युतीकरण के लिए निम्नलिखित विधियां अपनाई हैं। पारंपरिक तरीके की टेंडर प्रक्रिया को पूरी तरह से ईपीसी मोड के अनुबंध में परिवर्तित कर दिया गया है। कैटेनरी और कॉन्टैक्ट वायरिंग के एक साथ वायरिंग करने से तेजी से विद्युतीकरण हो रहा है और यह कम खर्चीला और सुरक्षित है। ऑनलाइन वेंडर रजिस्ट्रेशन



सिस्टम के माध्यम से विक्रेताओं की संख्या बढ़ाई गई है। डबल स्टैक कंटेनर ट्रेनों को चलाने के लिए दुनिया में पहली बार ७.५७ मीटर के हाई राइज ओएचई का अनूठा डिजाइन। उत्तर प्रदेश से संबन्धित महत्वपूर्ण परियोजना जिन पर विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर हैः चुनार- चोपन, इलाहाबाद-झाँसी-मानिकपुर, मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली, इलाहाबाद-कानपुर वाया उन्नाव, चोपन- करेला रोड- सिंगरौली, इलाहाबाद -मानिकपुर- सतना-कटनी -मुम्बई, इलाहाबाद-लखनऊ एवं इलाहाबाद -प्रतापगढ़-फैजाबाद आदि प्रमुख हैं। इन से इन मार्गो पर तीव्र गति की विद्युत रेलगाड़ियां चलेगी तथा विलम्ब भी समाप्त हो जाएगा।

# निचले इलाकों में बनी गौशालाओं से गोवंश हटे-कमिश्नर

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। बहादुरपुर के कांदी गांव की गोशाला में ३५ गायों की मौत के बाद रविवार दिनांक १४.०७.२०१६ को घटना स्थल पर कमिश्नर प्रयागराज आशीष गोयल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत भी की और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

कमिश्नर ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर यही कहा जा सकता है कि सभी गोवंश की मौत बिजली गिरने की वजह से हुई। इस दौरान उन्होंने गोशाला के निचले इलाके में होने एवं वहां पानी भरने के मामले पर कहा कि जिले में जहां कहीं भी निचले इलाके में गोशाला है वहां से गोवंश तत्काल प्रभाव से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिए जाए। उन्हें यहां बताया गया कि जिले में कुछ ऐसी और गोशालाएं हैं जो निचले इलाके में हैं और वहां भी बारिश का पानी भर जाता है।

इस पर कमिश्नर ने कहा जिलेभर में निचले इलाके में बनी गोशालाओं से तत्काल प्रभाव से गोवंश निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाए।

# हम सफर में लगायें और कोच, न करें दूरंतो बंद: केशरी देवी



रे.स.ब्यू./सूत्र। फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल जिले के लोगों के लिए संसद मे रेल सुविधाएं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज से अभी सप्ताह में तीन दिन नई दिल्ली दूरंतो का संचालन हो रहा है। इस ट्रेन को बंद किया जा रहा है जो उचित नहीं है। इसी तरह हमसफर एक्सप्रेस में जनरल कोच जोड़नें व इसमें फ्लेक्सी फेयर खत्म करने की मांग उठाई, सियालदा राजधानी, नई दिल्ली-कोलकाता दूरंतो, भुवनेश्वर राजधानी जैसी ट्रेनों के ठहराव की मांग भी की। इंदौर के लिए भी नियमित ट्रेन चलाने की मांग की।

मुंबई के लिए दूरंतो तथा लखनऊ के बीच शताब्दी के संचालन की मांग उठाई, तथा कोटा बढ़ाने को कहा।

# प्रयागराज से कई शिक्षाधिकारियों के तबादल

रे.स.ब्यू./सूत्र लखनऊ। शासन ने ४८ शिक्षा अधिकारियों के तबादले कर दिए। तीन मंडलों में नए मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक और सात जिलों में नए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तैनात किये गए हैं।

वहीं कई बीएसए और जिल विद्यालय निरीक्षक को हटाकर अन्य पदों पर भेजा गया है।

इनमें प्रतापगढ़ व कौशाम्बी के डीआइओएस समेत प्रयागराज के कई शिक्षाधिकारी भी शामिल हैं।

# ६४वें रेलवे सप्ताह में भी दिखेगी प्रयागराज कुम्भ की झलक

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। अंबाला में आयोजित ६४ वें रेलवे सप्ताह कार्यक्रम में इस बार प्रयागराज में हुए कुंभ मेले की झलक देखने को मिलेगी, जिसकी शुरुआत २१ जुलाई को होगी। इस कार्यक्रम में एनसीआर की ओर से भी प्रदर्शनी लगाई जा रही है जिसमें कुंभ मेले के दुर्लभ चित्र है, कार्यक्रम मे रेलमंत्री एनसीआर के अफसरों को भी सम्मानित करेंगे। इसके अलावा सेवानिव,त्त प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर नसीमुद्दीन, सीनियर डीसीएम नवीन दीक्षित, सीनियर डीपीओ अभिषेक रंजन एवं सीनियर अफसर पीके ओझा आदि को भी सम्मानित किया जाएगा।

# स्मार्ट सिटी योजना के द्वितीय चरण में संवरेंगे प्रयागराज के छह पार्क

प्रयागराज। नगर निगम स्मार्ट सिटी योजना के द्वितीय चरण में २.५४ करोड़ खर्च कर शहर के छह पार्कों को संवारेगा। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने बताया कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर के पार्कों का चरणबद्ध तरीके से विकास किया जाएगा। साथ ही आठ पार्कों में ओपेन एयर जिम की स्थापना भी कराएगा जिसमें सरस्वती पार्क, चंद्रशेखर आजाद पार्क, दिलकुश पार्क, दिलकुश गार्डेन, पंप हाउस पार्क और चिल्ड्रेन पार्क हैं।

स्मार्ट सिटी के द्वितीय चरण में स्वीकृत इन पार्कों को हरा भरा रखने का काम इसी जुलाई माह में शुरू किया जाएगा। अन्य कार्य बारिश के बाद कराए जाएंगे। करीब २.५४ करोड़ के खर्च कराए जाने वाले इन कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

योजना के मुताबिक चिह्नित पार्कों में हरियाली के साथ पाथवे, बच्चों के लिए झूले, ओपेन एयर जिम और आकर्षक एल डी लाइटें लगाई जाएंगी। इनमें फुट लाइटों के साथ हेरिटेज लुक वाली लाइटें लगाई जाएंगी।

# अनाधिकृत पानी की बोतलों को, चला 'ऑपरेशन थर्स्ट' अभियान

प.सू.का/नई दिल्ली। रेलवे परिसर में अनाधिकृत ब्रांड वाली पानी की बोतलें धड़ल्ले से बेचे जाने के मामलों पर रोक लगाने के लिए "ऑपरेशन थर्स्ट" नाम से एक देश व्यापी अभियान ०८/०६ जुलाई २०१६ को महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली के निर्देश पर शुरू किया गया। इसके तहत प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्तों को इन अनाधिकृत गतिविधियों पर लगाम लगाने का आदेश दिया गया । अभियान के दौरान भारतीय रेलवे के लगभग सभी प्रमुख स्टेशनों को कवर किया गया। ऑपरेशन थर्स्ट के दौरान १३७१ व्यक्तियों को अनाधिकृत ब्रांडों के पानी की बोतलें बेचने के मामले में रेलवे अधिनियम की धारा १४४ और १५३ के तहत गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान नकली पीने के पानी की कुल ६६२६४ बोतलें जब्त की गईं और अपराधियों से जुर्माने के तौर पर कुल ६,८०,८५५ रुपए वसूल किए गए। गैर कानूनी बिक्री गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में ४ पेंट्री कार प्रबंधकों को भी गिरफ्तार किया गया। प्लेटफार्मों पर लगे स्टॉल में भी ऐसे ब्रांड की पेयजल बोतलें बिकती हुयी पाई गई, जो रेलवे द्वारा अधिकृत नहीं हैं। इन गैर कानूनी गतिविधियों की तह तक पहंचने के लिए ऐसे मामलों में और जांच की जा रही है और इसमें शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान के बाद संबंधित पीसीएससी द्वारा आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# गेटमैन को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित



रे.स.ब्यू./सूत्र.मध्य रेल भुसावल मंडल के अंतर्गत पचोरा-जलगांव सेक्शन के गेट संख्या १३६ पर कार्य करते हुए सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता ने मालगाड़ी के एक वैगन में हॉट एक्सल को देखा तो खतरे का अनुमान लगाते हुए तुरंत लाल झंडी दिखाकर मालगाड़ी के गार्ड को सूचित किया, जिसने मालगाड़ी को तुरंत रोक दिया।

सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता द्वारा हॉट एक्सल का समय पर पता लगाने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस सराहनीय कार्य के लिए मध्य और पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ए. के. गुप्ता ने सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता, गेटमैन को ५०००/- नकद और प्रशंसा प्रमाण पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस अवसर पर, मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक डॉ. आर. बद्री नारायण और एस. के. अग्रवाल, प्रधान मुख्य अभियंता, प्रकाश बुटानी, मुख्य संरक्षा अधिकारी, मध्य रेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, मुजफ्फरपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। राजभाषा विभाग पूर्व मध्य रेल हाजीपुर की ओर से क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्य राजभाषा अधिकारी दिलीप कुमार ने किया। अपन संबोधन में उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी तमाम अवरोधों को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि इस कार्यशाला का विषय वैश्वीकरण के दौर में हिंदी था। दिलीप कुमार ने इसी विषय के इर्द-गिर्द अपने वक्तव्य को रखते हुए अपनी बात कही। मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रख्यात साहित्यकार डा.नंदकिशोर नंदन ने कहा कि हिंदी हमारी माँ है। उनका कहना था कि क्षेत्रीय भाषाओं का विकास होना चाहिए पर हिंदी के बल पर नहीं। इस अवसर पर रेलकर्मी उपस्थित थे।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# कांवड़ियों की सुविधा को रेलगाड़ियों का हरिद्वार तक विस्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। सावन माह के दौरान काँवड़ियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड के मद्देनज़र उत्तर रेलवे ने निम्नलिखित रेलगाडियों को निम्नानुसार हरिद्वार तक/से यात्रा विस्तार देने का निर्णय किया है:-७४०२३/७४०२२ दिल्ली जं०-शामली डीईएमयू को हरिद्वार तक यात्रा विस्तार दिनांक १७.०७.२०१६ से ३१.०७.२०१६ तक ७४०२३ दिल्ली जं०-शामली डीएमयू रेलगाड़ी (१५ फेरे) रात्रि ११.०० बजे शामली पहुँचने के बाद यहां से रात्रि ११.०२ बजे हरिद्वार के लिए रवाना होगी और अगले दिन मध्यरात्रि ०१.५५ बजे हरिद्वार पहुँचेगी।

वापसी दिशा में दिनांक १८.०७.२०१६ से ०१.०८.२०१६ तक ७४०२२ हरिद्वार-दिल्ली जं० डीईएमयू हरिद्वार से तड़के ०२.०५ बजे प्रस्थान करके उसी दिन प्रातः ०५.३० बजे शामली पहुँचेगी। यह रेलगाड़ी शामली से प्रातः ०५.४० बजे प्रस्थान करके अपनी आगे की यात्र पर दिल्ली जं० के लिए रवाना होगी। विस्तार दिए गए मार्ग पर यह रेलगाड़ी थाना भवन, रामपुर मनिहारन, टपरी, रूड़की और ज्वालापुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। ६४५५७/ ६४५६० दिल्ली जं०-सहारनपुर एम एमयू को हरिद्वार तक यात्रा विस्तार (३० फेरे) दिनांक १७.०७.२०१६ से ३१.०७.२०१६ तक ६४५५७ दिल्ली जं०-सहारनपुर एम एमयू रेलगाड़ी रात्रि ०६.५० बजे सहारनपुर पहुँचने के बाद यहां से रात्रि १०.१० बजे रवाना होगी और अगले दिन तड़के ०३.१५ बजे हरिद्वार पहुँचेगी।

वापसी दिशा में दिनांक १८.०७.२०१६ से ०१.०८.२०१६ तक ६४५६० हरिद्वार-दिल्ली जं० एमईएमयू हरिद्वार से मध्यरात्रि ००.३० बजे प्रस्थान करके उसी दिन तड़के ०३.१५ बजे सहारनपुर पहुँचेगी। यह रेलगाड़ी सहारनपुर से प्रातः ०४.५५ बजे प्रस्थान करके अपनी आगे की यात्रा पर दिल्ली जं० के लिए रवाना होगी। विस्तार दिए गए मार्ग पर यह रेलगाड़ी रूड़की और ज्वालापुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। रायवाला और मोतीचुर स्टेशनों पर रेलगाड़ियों को अतिरिक्त ठहराव १४११३/ १४११४ अलीगढ़ जं०-देहरादून अलीगढ़ जं० लिंक एक्स. १४३१०/१४३०६ देहरादून-उज्जैन उज्जैनी एक्स, १४३१८/१४३१७ देहरादून-इंदौर एक्सप्रेस, १६५६६ देहरादून-ओखा उत्तरांचल एक्सप्रेस और २२६६० देहरादून-कोचुवेल्ली एक्सप्रेस रेलगाडियों को रायवाला पर जबकि १२६६८ देहरादून-मदुरै एक्सप्रेस, १४६०६/१४६१० श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-ऋषिकेश-श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा हेमकुंड साहिब एक्सप्रेस और २४८८८/२४८८७ बाड़मेर/ हरिद्वार लिंक एक्सप्रेस को मोतीचूर स्टेशन पर दो-दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जायेगा।

**अपने शुभचिंतकों को घर पर ही विदा करें, प्लेटफार्म पर नहीं**

# 152nd DRUCC MEETING HELD BY CHENNAI DIVISION



RSB/Chennai: The 152nd Divisional Railway Users Consultative Committee (DRUCC) Meeting was conducted by Chennai Division under the chairmanship of P.Mahesh, DRM, on 11.7.2019. This is the 4th meeting during the current tenure of the Committee between 01.10.2017 to 30.09.2019. R.Mukund, ADRM /II / MAS, K.Manoj, ADRM /III / MAS along with Divisional Branch Officers attended the meeting. DRUCC members representing various organisations such as Chamber of Commerce, Trade Associations, Consumer Welfare Association, Recognised Passenger Associations, Associations of the physically handicapped, GM's nominee and nominees of Hon'ble MPs were present at the meeting. Sathya Narayana Hari, Sr.DCM and Secretary/ DRUCC welcomed the members. P.Mahesh, DRM and Chairman of DRUCC, in his presidential address highlighted the achievements of Chennai Division. Fruitful discussions were held with DRUCC members about improvements in Chennai Division pertaining to CSR works, facilities such as separate Battery Cars, toilets and Waiting Halls for Divyangjan passengers, Additional EMU services, toilet facilities at stations and other passenger amenities pertaining to the stations of Chennai Division.

# देहरादून-नई दिल्ली-देहरादून नंदा देवी एक्सप्रेस का कोटा तक विस्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। रेल यात्रियों की सुविधा को रेलगाड़ी संख्या १२२०६/ १२२०५ देहरादून-नई दिल्ली-देहरादून नंदा देवी एक्सप्रेस को कोटा से/तक यात्रा विस्तार दिया जायेगा, दिनांक २५.०८.२०१६ से यह रेलगाड़ी संशोधित समय/ परिवर्तित नम्बर के साथ नई दिल्ली स्टेशन के बजाय बारास्ता हज़रत निजामुद्दीन होकर निम्नानुसार चलेगी:- रेलगाडी संख्या १२२०६ देहरादून-कोटा नंदा देवी एक्सप्रेस दिनांक २५.०८.२०१६ से देहरादून से रात्रि ११.३० बजे के स्थान पर रात्रि १०.३० (संशोधित समय) बजे प्रस्थान कर अगले दिन पूर्वाह्न १०.४० बजे कोटा जं० पहुँचेगी।

यह रेलगाड़ी मार्ग में हरिद्वार (मध्यरात्रि ००.०८-००.१३), रूड़की (मध्यरात्रि ००.५८-०१.००), मुजफ्फरनगर (मध्यरात्रि ०२.१६ -०२.१८), मेरठ सिटी (तड़के ०२.५८-०३.००), ग़ाज़ियाबाद (तड़के ०३.४८-०३.५०), हज़रत निजामुद्दीन (प्रातः ०४.३५ -०४.५०), मथुरा (प्रातः०६.३८-०६.४०), भरतपुर (प्रातः०७.०१-०७.०३), गंगापुर सिटी (प्रातः०८.०८ -०८.१०), सवाई माधोपुर स्टेशन पर (प्रातः ०८.५० -०८.५२) बजे ठहरेगी।

वापसी दिशा में रेलगाड़ी संख्या १२२०५ कोटा-देहरादून नंदा देवी एक्सप्रेस दिनांक २६.०८.२०१६ को कोटा से सांय ०५.५५ बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रातः ०५.४० बजे देहरादून पहुँचेगी।

मार्ग में यह रेलगाड़ी सवाई माधोपुर (सांय ०७.०६-०७.०८), गंगापुर सिटी (सांय ०७.४८-०७.५०), भरतपुर (सांय ०८.५३-०८.५५), मथुरा (रात्रि ०६.४०-०६.४२), हज़रत निजामुद्दीन (रात्रि ११.३५ -११.५०), ग़ाज़ियाबाद (मध्यरात्रि ००.२८-००.३०), मेरठ सिटी (मध्यरात्रि ०१.०८-०१.१०), मुजफ्फरनगर (मध्यरात्रि ०१.४७ -०१.४६), रूड़की (तड़के ०३.१२ -०३.१४) तथा हरिद्वार स्टेशन पर (तड़के ०३.५५-०४.००) बजे ठहरेगी।


**पाठकों से अनुरोध**

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्तम अधिकारी- १५०० रु. मात्र

२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र

३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र

४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**


# पूर्व मध्य रेल के उच्चाधिकारियों एवं संवेदकों के बीच निविदा के आमंत्रण विषय पर सम्मेलन का आयोजन




रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। महाप्रबंधक एल०सी०त्रिवेदी की अध्यक्षता में पूर्व मध्य रेल के निर्माण संगठन के सम्मेलन कक्ष, महेन्द्रुघाट, पटना में दिनांक १२.०८.२०१६ को रेल संवेदकों के साथ ईपीसी/बिना ईपीसी विधि पर निविदा के आमंत्रण विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के आयोजन का मूल उद्देश्य निर्माण संगठन के प्रतिनिधियों और संवेदकों के बीच भविष्य में आनेवाली बड़ी परियोजनाओं के लिए रूपरेखा तैयार करना था ताकि संभावित नई लाईनों, दोहरीकरण तथा अमान परिवर्तन के प्रतिवर्ष ५०० किलोमीटर के लक्ष्यों को पूरा किया जा सके।

सम्मेलन में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ दक्षिण अशोक कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी /निर्माण/ उत्तर बृजेश कुमार, प्रमुख मुख्य इंजीनियर के०डी० रल्ह तथा संवेदकों के प्रतिनिधि यथा-मेसर्स एलएंडटी, मेसर्स एमजीसीपीएल, मेसर्स मैक्काफेरी इनवारनमेंटल सॉल्यूशन प्राईवेट लिमिटेट, मेसर्स एचसीसी लिमिटेड, मेसर्स आईसीटी, मेसर्स बीबीजे कंपनी लिमिटेड आदि ने सम्मेलन में भाग लिया।

# उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन



रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने और पर्यावरण को सुन्दर स्वच्छ और हरा-भरा रखने के लिए उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा दिनांक १२-०७-२०१६ को नई दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा हरिन्दर कौर ने पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष अर्चना जोशी, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सचिव रेनू कपूर और उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए हरिन्दर कौर ने कहा कि वृक्षारोपण जीवन के लिए बहुत आवश्यक है और यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने की दिशा में और आगे तक जाएगा। हम सभी अपने पर्यावरण को स्वच्छ और हरा भरा रखने का संकल्प लें। उन्होंने उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा चलाये जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम और उनकी देखभाल के प्रयासों की सराहना की।

# रेलवे कर्मचारी का घर हो अपना विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलव मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभाकक्ष संकल्प में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वयं का हो घर विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन दिनांक ११. ०७.२०१६ को किया गया जिसके मुख्य वक्ता अपर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे अरुण मलिक थे। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक रंजन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया, मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ ने अपर महाप्रबंधक अरुण मलिक का परिचय देते हुए उनके बारे में विस्तार से बताया और कहा कि सामाजिक कार्यो में आपकी विशेष रुचि है और आप चाहते हैं कि प्रत्येक रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी का स्वयं का घर हो। अपर महाप्रबंधक ने कहा की रेलवे की एचबीए योजना या बैंक से लोन ले कर आसानी से मकान बनवाया जा सकता है। जिन कर्मचारियों का प्रतिमाह पचपन हज़ार वेतन है ऐसे कर्मचारी लोन लेकर ४५ लाख का मकान खरीद सकते हैं। इस अवसर पर मंडल कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# ट्रेनों में पत्थरबाजी की रोकथाम को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का जागरूकता अभियान

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। ट्रेनों पर शरारती तत्वों द्वारा पत्थर मारने की घटना देखनें में आयी है। इस प्रकार की घटनाओ से कई बार रेल यात्रियों को चोटें भी आई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम के लिये, घटनाओं को अंजाम देने वालों की धरपकड़ की जा रही है, साथ ही साथ मीडिया के माध्यमों से इन घटनाओं के फलस्वरूप होने वाले परेशानियों एवं नुकसान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रसार-प्रचार का कार्य भी कर रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पिछले छह माह में जनवरी से जून २०१६ तक की अवधि में कुल ८ मामले सामने आये।इन घटनाओं के घटने के तुरंत बाद RPF द्वारा कार्यवाही करते हुए कुछ लोगों को रेलवे एक्ट की धारा १५२के तहत गिरफ्तार कर उन्हें अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# सरकार के कार्य का मूल्यांकन तय करती है जनताः रामनाईक

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रामनाईक ने कहा कि सरकार के कामकाज का मूल्यांकन जनता करती है राज्यपाल नहीं,यह पूछे जाने पर कि दोनों सरकारों के किस काम से आप ज्यादा प्रभावित रहे, रामनाईक ने कहा कि कुष्ठ रोगियों के कल्याण के लिए उन्होंने सुझाव दिए थे, जिसे दोनों ने माना। उन्होने ने कहा कि अखिलेश यादव और योगी आदित्यनाथ, दोनों के ही साथ उनके बेहतर रिश्ते रहे। रामनाईक ने राजभवन में सोमवार दिनांक १५.०७.२०१६ को अपना पंचम कार्यवृत्त जारी किया। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, दो मुख्यमंत्रियों अखिलेश यादव और योगी आदित्यनाथ की सरकार के साथ मैंने काम किया। दोनों से ही मेरे व्यक्तिगत रिश्ते अच्छे थे।

# भौकाली पत्रकारिता से संस्थायें, अधिकारियों एवं पाठकों को रहना चाहिए सावधान

इधर पत्रकारिता का स्तर इतना गिरता जा रहा है कि पाठकों को समाचारों पर विश्वास दिन दिनों समाप्त सा होता जा रहा है। लगता है कि पत्रकारों को सरकारी फाइलों में हुए घोटालों की धनराशि का भी पता लगनें लगा है। जासूसी पत्रकारों को सीबीआई से ज्यादा पता लगने लगा है। जो हास्यप्रद लगता है समानों के खरीद फरोख्त मामले से लेकर सामग्री की गुणवत्ता एवं क्वांटटी तक की खबर मिलती रहती है। जिसे वह आधे समाचार छापने के बाद फिर अगले समाचार में देने का जिक्र कर अधिकारियों संस्थाओं को डरवाने का काम करते रहते हैं। मुख्य समाचार पत्रों को ऐसे खबर छपवाने वालों से पहले उनकी सत्यता की पुष्टि कर लेनी चाहिए। जिससे पाठकों को समाचार की साफ मंशा जाहिर हो सके।

# चलती ट्रेन में साफ-सफाई को ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग प्रणाली की सुविधा



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। यात्रियों को चलित गाड़ियों में साफ सुथरी एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से प्रारंभ होने वाली २२ जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग प्रणाली की सुविधा प्रदान की गयी है। बिलासपुर से रवाना होने वाली १० जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियां में जैसे १८२३७/३८ छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, १८२३४/३३ नर्मदा एक्सप्रेस, १८२५५/५६ इंटरसिटी एक्सप्रेस, एवं १८२३६/४० शिवनाथ एक्सप्रेस, १८२५१/५२ बिलासपुर-चैन्नई एक्सप्रेस, १२८४६/५० बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, २२८१५/१६ बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, २२८४३/४४ बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, १८२४३/४४ बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस, १८२४५/४६ बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग प्रणाली के तहत गाडियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई सेवाओं में सुधार करने के लिए और स्वच्छ हालत में कोच परिसर को रखने के लिए प्रत्येक गाडियों में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की गई है जो यात्रा के दौरान ट्रेन के साथ और ट्रेन मार्ग में सफाई के लिए एक निश्चित यूनीफार्म में सफाई सामग्रियों के साथ उपलब्ध रहता है। इसका बेहतर प्रबंधन हेतु रेलवे के अधिकारियों द्वारा इसकी मॉनिटरिंग तथा इसका सभी डिवीजन से भी इसकी काउंसलिंग कराई जा रही है। इसके अलावा यात्रियों को कोच को साफ रखने एवं कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए अनुरोध भी किया जा रहा है।

# कांवड़ यात्रा को प्रयागराज-वाराणसी मार्ग हुआ वन वे

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रयागराज -वाराणसी मार्ग मंगलवार की शाम दिनांक १६.०७.२०१६ से वन वे कर दिया जाएगा। इस दौरान भारी वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। एक लेन को कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से वाराणसी भेजा जाएगा।

स्कूली और बहुत जरूरी वाहनों के लिए पास जारी कर दिया गया है। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शहर में भी सुबह साढ़े पांच बजे से रात साढ़े दस बजे तक भारी वाहनों के लिए नो इंट्री रहेगी।

सोमवार को इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने मीटिंग कर ट्रैफिक डायवर्जन में लगे पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया गया।

## एक कुशल नेतृत्व को पुनः मौका

# विकास पथ पर सरपट दौड़ती भारतीय रेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय रेल को नई दिशा प्रदान की है। भारतीय रेल में हुए कई कार्य मील का पत्थर साबित हुए हैं। भारत में बुलेट ट्रेन, कई लोगों को यह बात सपने से अधिक नहीं प्रतीत होती थी, परंतु मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का शिलान्यास कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सपना भी पूर्ण होगा, की मोहर लगा दी।

आज इस प्रोजेक्ट का कार्य तेजी से चल रहा है। उससे पहले भारतीय रेल ट्रैक पर सेमी हाई स्पीड स्वदेशी ट्रेन 'वंदे भारत एक्सप्रेस' (ट्रेन १८) नई दिल्ली से वाराणसी के रूट पर १६० किमी की गति से दौड़ रही है। इसी वन्दे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते समय प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारतीय रेल की स्थिति को बहुत ईमानदारी के साथ परिश्रम के साथ बदलने का प्रयास किया है। देश में रेलवे पटरियों को बिछाने का काम हो या फिर विद्युतीकरण का काम पहले से दोगुनी गति से हो रहा है। बिजली से चलने वाली ट्रेनों से प्रदूषण भी कम होगा, डीजल का खर्च भी बचेगा और ट्रेनों की गति भी बढ़ जाएगी। ट्रेनों की गति तथा कार्य की गति को बढ़ाने के हिमायती रहे रेल मंत्री गोयल ने एक बात हमेशा स्पष्ट रूप से कही है कि गति के साथ-साथ यात्रियों को संरक्षा और सुरक्षा दोनों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।



ट्रैक मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। पिछले कुछ सालों में यात्रियों के सहयोग से भारतीय रेल ने स्टेशनों तथा ट्रेनों में स्वच्छता के नये मानक स्थापित किये हैं। स्वच्छता को आगे बढ़ते हुए आज देश के कई स्टेशनों पर स्थानीय चित्रकला से स्टेशनों का सौन्दर्यीकरण किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही अच्छे नेतृत्व के गुण हैं। इसके चलते रेल दृष्टि डैशबोर्ड का शुभारंभ करते हुए रेल मंत्री ने कहा था कि रेलवे की चल रही परियोजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए रेल दृष्टि डैशबोर्ड की शुरूआत की गई है।

इस डैशबोर्ड से सभी लोग भारतीय रेल में हो रहे बहुआयामी बदलाव देख सकेंगे। यह डैशबोर्ड हर प्रकार की जानकारी किसी भी समय, कहीं भी किसी को भी उपलब्ध करानें में मदद् करेगा। पारदर्शिता की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए ट्रेन चार्ट और खाली बर्थो की जानकारी के लिए नई सुविधा का प्रारम्भ किया गया है।

जिससे यात्री चार्ट के बाद आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर खाली बर्थ की जानकारी प्राप्त कर, ऑनलाइन या टीटीई से बुक कर सकते हैं। बॉडगेज लाइन पर से सभी मानव रहित समपार (क्रासिंग) सफलता पूर्वक समाप्त करना भी भारतीय रेल के लिए एतिहासिक कदम था। रोजगार देने के मामले में भी भारतीय रेल पीछे नहीं है। सफल नेत,त्व को पुनः एक बार मौका मिला है। पुनः रेल मंत्री का पदभार ग्रहण करते हुए रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले पांच वर्षो के दौरान रेल की गति बढ़ाने और यात्री सुविधा को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि रेल यात्रा और मालगाड़ी के आवागमन को बेहतर बनाया जा सके।

### भारतीय रेल का सबसे बड़ा डाटा बेस 'उम्मीद'


उम्मीद, कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और आश्रितों के लिए चिकित्सा पहचान पत्र बनाने के लिए एक वेब और मोबाइल आधारित एप्लिकेशन है, जिसका शुभारंभ भारतीय रेल पर स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने के लिए किया गया है। इसके आने से लाभार्थियों को भौतिक कार्ड साथ ले जाने की आवश्यकता नहीं है। उम्मीद, लगभग १.२५ करोड़ लाभार्थियों को कवर करने वाला भारतीय रेल का सबसे बड़े डाटा बेस है।

# स्मार्ट सिटी के कार्यों को गति देने हेतु कमिश्नर ने दिये निर्देश



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। मण्डलायुक्त डॉ. आशीष कुमार गोयल की अध्यक्षता मे आयुक्त कैम्प कार्यालय के त्रिवेणी सभागार मे दिनांक १६.०७.२०१६ को जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचन्द्र गोस्वामी, नगर आयुक्त उज्जवल कुमार, उपाध्यक्ष प्राधिकरण टी के शिबू के साथ बैठक की। बैठक मे शहर की यातायात व्यवस्था, पार्किग व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, शहर का सौन्दर्यीकरण, स्मार्ट सिटी तथा माघ मेला के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने बरसात के कारण हुयी क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रयागराज प्राधिकरण, नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों की मरम्मत करायी जाय तथा हर सड़क के लिए प्लान बनाकर उसको दूरूस्त करने की कार्यवाही की जाय। सड़कों की मरम्मत के उपरान्त ठेकेदारों का अन्तिम भुगतान किया जाय। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों का सम्बन्धित विभाग सूची बनाकर उस पर कार्य करे। मण्डलायुक्त ने शहर की यातायात व्यवस्था को संज्ञान लेते हुए इस पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एसपी ट्राफिक कुलदीप सिंह को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शहर में बेतरतीब से वाहन पार्क करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जाय तथा बेतरतीब खड़े वाहनों को क्रेन से उठवाया जाय। उन्होंने सिविल लाइन क्षेत्र में पार्किंग को सुव्यवस्थित करने हेतु जिलाधिकारी से कहा कि व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ बैठक कर ली जाय तथा यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि दुकानदारों के वाहन पार्किग स्थल पर ही खड़े किये जाय। उन्होंने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था पर जीरो टोललेंस होना चाहिए। इसी तरह स्कूल, कोचिंग, शापिंग माल, हास्पिटल तथा धार्मिक स्थलों पर पार्किंग की व्यवस्था न होने पर शहर की यातायात व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ता है इसके लिए मण्डलायुक्त ने एसपी ट्राफिक से कहा कि संस्थानों नोटिस देकर उन्हें यातायात व्यवस्था मे सहयोग करने के लिए कहा जाय।

# सेफ्टी ड्राइव के अंतर्गत यात्रियों को किया जागरूक



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद मंडल में मोबाइल वीडियो वैन के माध्यम से यात्रियों को स्टेशन, स्टेशन परिसर, सार्वजानिक स्थल, स्कूल, पेट्रोल पंप, लेवल क्रासिंग आदि स्थानों पर मोबाइल वीडियो वैन के माध्यम से चलचित्र द्वारा नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है कि लेवल क्रासिंग बंद है तो गेट के ऊपर, नीचे या अगल बगल से निकलने का प्रयास न करें तथा ट्रेन की छत एवं कोच के गेट पर बैठ कर यात्रा न करें। ट्रेन में सफर करते समय ज्वलनशील वस्तु लेकर यात्रा न करें। रेलवे ट्रैक पर पत्थर या अन्य कोई सामान न रखे।

इसके अतिरिक्त नागरिको को जागरूक किया जा रहा है कि चलती ट्रेन पर पत्थर या कीचड़ न फेकें तथा ट्रेन को किसी प्रकार कि छति न पहुंचाएं। कैटल रन ओवर की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु मोबाइल वीडियो वैन द्वारा गाँव-गाँव एवं समपारों पर जाकर चलचित्र के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक किया जा रहा है कि ग्राम वासी अपने जानवरों को आवारा न छोड़ें इससे जन धन कि हानि के साथ रेल परिचालन भी प्रभावित होता है। इसी कड़ी मे दिनांक ०६.०७.१६ को बरहन एटा सेक्शन में मोबाइल वीडियो वैन से यात्रियों को जागरूक किया गया।

### पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# भारतीय रेलवे का करगिल के बहादुरों को अलग अंदाज में सलाम



प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल ने १९९९ में करगिल युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को एक अलग अंदाज में श्रद्धांजलि और सम्मान देने का निर्णय किया है। २०वें करगिल विजय दिवस की स्मृति में २१८ रेल डिब्बों को सैनिकों की बहादुरी और बलिदान की कहानी कहने वाले वीरता के रंग में रंगा गया है। इसी सिलसिले मे दिनांक १५.०७.२०१६ को नई दिल्ली स्टेशन पर एक समारोह का आयोजन किया गया जहां स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं भू-विज्ञान मंत्री, भारत सरकार, डॉ. हर्षवर्धन, रेल राज्य मंत्री, भारत सरकार, सुरेश सी. अंगड़ी और संसद सदस्य (लोकसभा), मीनाक्षी लेखी द्वारा विनायल रैप की गयी एक रेलगाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रैक को १४२५८ नई दिल्ली-वाराणसी काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में जोडा गया। इस अवसर पर जी.ओ.सी./दिल्ली क्षेत्र एवीएसएम,एसएम,वीएसएम, लेफ्टिनेंट जनरल असित मिस्त्री, लेफ्टिनेंट जनरल शांतनु दयाल, एवीएसएम,एसएम,वीएसएम, डीजी डीसी-डब्ल्यू,करगिल के शहीदों के परिजन शहीद कैप्टन विक्रम बत्र के जुडवां भाई विशाल बत्र भी उपस्थित थे। समारोह में उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक,टी.पी. सिंह एवं उत्तर रेलवे व दिल्ली मंडल के अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते समय अंगडी ने कहा कि भारतीय रेल और भारतीय सेना दोनो देश के सबसे बढे विभाग हैं और दोनों ही अपने-अपने तरीके से देश की सेवा कर रहे हैं। करगिल युद्ध के दौरान सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गये पराक्रम और बलिदान के संदेश को ले जाने वाली यह रेलगाड़ी दूर-दराज के गांवों, नगरों और शहरों तक जायेगी तथा शहीदों के प्रति सम्मान और आभार प्रदर्शित करेगी।

Heartline
Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र
हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल
14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमज़ोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून मे चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

# १५ अगस्त को रोपित किये जायेंगे २२ करोड़ पौधे



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। मण्डलायुक्त आशीष कुमार गोयल की अध्यक्षता मे दिनांक ०५.०७.२०१६ को मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचन्द्र गोस्वामी, जिलाधिकारी कौशाम्बी मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी फतेहपुर संजीव सिंह, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ मार्कण्डेय शाही तथा मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित थे। मण्डलीय बैठक में डीएफओ के द्वारा बताया गया कि १५ अगस्त २०१६ को राज्य स्तर पर २२ करोड़ पौधरोपण किया जायेगा। जिसके लिए १५ जुलाई तक गड्ढा खुदवाया जायेगा तथा उसके बाद उसका भौतिक सत्यापन किया जायेगा। वृक्षारोपण के कार्यों की जियो टेगिंग भी की जायेगी। मण्डलायुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण के कार्यों हेतु जिन विभागों को लक्ष्य मिले है, वह इस बात का विशेष ध्यान दिया जाय कि लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरा कर लिया जाय तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

# शकूरबस्ती में ऑटोमैटिक अपशिष्ट जलशोधन एवं पुनर्चक्रण संयंत्र की पहल



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। शकूरबस्ती में कोचिंग टर्मिनल के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कोचिंग टर्मिनल परिसर में गाड़ियों की धुलाई और पानी की व्यवस्था के लिए दो वाशिंग लाइनें शुरू की गई हैं। शकूरबस्ती में पानी की भारी कमी है। दिल्ली जल बोर्ड के पास वाशिंग लाइनों की आपूर्ति के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। पानी की इस कमी को पूरा करने एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए एक बड़े जल संरक्षण संयंत्र की शुरूआत की गयी है । दिनांक २७.०६.२०१६ को ६ लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले ऑटोमैटिक अपशिष्ट जलशोधन एवं पुनर्चक्रण संयंत्र की शुरूआत की गयी है। इससे प्रतिवर्ष ५८ मिलियन गैलन पानी का अवशोधन और पुनर्चक्रण संभव होगा और इससे लगभग इतने ही ताजा जल की मांग में कमी आयेगी। ऑटोमैटिक अपशिष्ट जलशोधन एवं पुनर्चक्रण संयंत्र का निर्माण नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल करते हुए २.२१ करोड़ रूपये की लागत से किया गया है। इसमें ५ वर्ष तक इसके संचालन और इसके अनुरक्षण का कार्य भी शामिल होगा। यह संयंत्र पूरी तरह से स्वचालित है और उत्तर रेलवे पर अपनी तरह का पहला संयंत्र है। इस संयंत्र से जल पुनर्चक्रण की प्रति लीटर लागत लगभग ३ पैसा होगी। वाशिंग लाइन का अपशिष्ट जल छोडा जाता था, अब एक नाबदान में संग्रहीत करके वाशिंग लाइन परिसर पास ही के अवशोधन संयंत्र में भेजा जाता है। अवशोधन के उपरांत साफ किए गए पानी को रेलगाड़ियों की साफ-सफाई के लिए वाशिंग लाइन में भेज दिया जाता है ।

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा

**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद व्यक्त करता है।

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

**संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।**

**Railway Passengers Safety & Amenities Association**

**Aim of the Society is to serve the Railway Passengers**

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan, Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।